आइआइएम के 'रश 5.0' का आगाज आज से

रांची. आइआइएम रांची के दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक व खेलकूद फेस्ट 'रश 5.0' की शुरुआत शनिवार को होगी. फेस्ट का आगाज होटवार स्थित शेख भिखारी स्टेडियम खेलगांव में होगा.विद्यार्थियों के बीच खेल प्रतिस्पर्धा और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे. पहले दिन एकल वाद्य यंत्र, स्टैंडअप कॉमेडी, शायरी, सोलो व डुएट संगीत, माइम, वार ऑफ बैंड्श् और ग्रुप डांस होगा. दूसरे दिन नुक्कड़ नाटक, सोलो व डुएट डांस, फैशन शो होगा. स्टार नाइट कार्यक्रम के तहत कोलकाता का बैंड 'अंडरग्राउंड अथॉरिटी' की ओर से लाइव बैंड की प्रस्तुति होगी. क्रिकेट, लॉन टेनिस, फुटबॉल, एथलेटिक, वॉलीबॉल, थ्रोबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस प्रतियोगिता होगी.



Prabhat Khabar, 01.02.2020, Pg.17(Supli)